विजयपानी में अवैध तंबाखू कारोबार की चर्चा

कुरई नवभारत। कुरई क्षेत्र के विजयपानी गांव में कथित रूप से संचालित अवैध तंबाकू कारोबार इन दिनों पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार गांव के दो भाई चक्की मशीन के माध्यम से तंबाकू में चुना मिलाकर बड़े पैमाने पर गुटखा जैसा मिश्रण तैयार कर रहे हैं और प्रतिबंधित प्लास्टिक की बिना लेबल वाली पुड़ियों में पैक कर जिलेभर में सप्लाई कर रहे हैं।

चक्की में तंबाखू पीसकर बिना लेबल की पुड़ियों में बिक्री, प्रशासनिक निगरानी पर उठे सवाल

बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहनों में भरकर यह सामग्री गांव-गांव और शहरों तक पहुंचाई जा रही है। मामले को लेकर प्रशासनिक अमले की चुप्पी भी लोगों के बीच सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से यह कारोबार खुलेआम संचालित हो रहा है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई।

घरेलू बिजली कनेक्शन से भारी मशीन संचालन का आरोप

जानकारी के अनुसार तंबाकू पीसने के लिए बड़ी चक्की मशीन लगाई गई है, जिसे कथित रूप से घरेलू विद्युत कनेक्शन से चलाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि लगभग 6 किलोवाट क्षमता तक की मशीन घरेलू लाइन पर संचालित पाई गई। जानकारी के मुताबिक विद्युत विभाग द्वारा हाल ही में मौके पर पहुंचकर जांच की गई और पंचनामा तैयार कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि तंबाकू पीसने के दौरान निकलने वाला धूलकण (डस्ट) आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। लंबे समय तक तंबाकू धूल के संपर्क में रहने से सांस संबंधी बीमारी, एलर्जी और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिना अनुमति इस प्रकार का कारोबार संचालित हो रहा है, तो संबंधित विभागों को संयुक्त जांच कर सच्चाई सामने लानी चाहिए।

लाइसेंस और पंजीयन पर खड़े हुए सवाल

तंबाकू उत्पादों के निर्माण और बिक्री के लिए विभिन्न प्रकार के लाइसेंस और पंजीयन आवश्यक होते हैं। नियमों के अनुसार सिगरेट, गुटखा, पान मसाला अथवा अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए स्थानीय निकाय अथवा स्वास्थ्य विभाग से अनुमति आवश्यक होती है। इसके अलावा तंबाकू व्यापार से जुड़े कारोबारियों के लिए आवश्यक पंजीयन और प्रमाण पत्र भी अनिवार्य माने जाते हैं। ऐसे में बिना लेबल, बिना ब्रांड और बिना वैधानिक चेतावनी के तंबाकू उत्पादों की बिक्री कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। गुटखा और तंबाकू से मुंह का कैंसर होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। तंबाकू का धूलकण बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अवैध तंबाकू कारोबार पर रोक जरूरी है।

इनका कहना है

विजयपानी ग्राम में अर्जुन डहरिया के घर चैक करने पर पाया गया कि छः प्रकार की मशीन लगी हुई है जो कुछ अलग प्रकार की ही है जो घरेलू कनेक्शन से गैर घरेलू यंत्र चलाते पाया गया जिसका ऑनलाइन पंचनामा कार्यवाही की गई जिसमें 35358 का फाइन लगाया गया

प्रमोद करोले जे ई बादलपार

इस संबंध फूड विभाग के अधिकारी महेंद्र परतेती ने बताया कि जानकारी मिली जांच कर संबंधित कारोबारी पर कार्यवाही करने की बात कही।

छात्रों की आवाज को दबाने के लिए की गई गिरफ्तारी : छात्र नेता

सिवनी नवभारत। कॉलेज में छात्रों की आवाज़ उठाने और छात्र हितों के मुद्दों को लेकर संघर्ष करने पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ़्तारी का मामला जिले में चर्चा का विषय बना रहा। इस मामले में छात्र नेता ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों की आवाज़ दबाने के उद्देश्य से उन्हें एवं उनके साथियों को गिरफ़्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि लोकतंत्र, छात्र अधिकारों और सच की लड़ाई है। गिरफ़्तारी के विरोध में सिवनी जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सिवनी कोतवाली पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और आंदोलन किया। लगातार हुए विरोध और संघर्ष के बाद जमानत मिल सकी।

छात्र नेता ने सिवनी जिला कांग्रेस परिवार, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के सभी साथियों, छात्र साथियों, पत्रकार बंधुओं एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी का समर्थन और विश्वास उनके संघर्ष की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि सच की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता और छात्र हित, लोकतंत्र एवं न्याय की लड़ाई आगे भी पूरी मजबूती से जारी रहेगी।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्र एकता और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर आवाज़ बुलंद करते हुए संघर्ष जारी रखने की बात कही।

एक नजर में

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

सिवनी। जिला शिक्षा विभाग की सिवनी विकासखंड अंतर्गत समीक्षा बैठक उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजित की गई इस इस बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सैयाम की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में शालाओं में विभिन्न निधियो से कराए गए कार्यों को लेकर समीक्षा की गई जिसमें मुख्य रूप से शालाओं में तीन साइड साइकिल स्टैंड एवं शौचालय मरम्मत कार्य आदि शामिल थे जिसको लेकर किए गए कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई इस अवसर पर जिला शिक्षा विभाग एवं विकासखंड शिक्षा कार्यालय के अधिकारी उपस्थित थे।

क्षय मुक्त भारत अभियान के लिए उईके हुए सम्मानित

सिवनी। भारत में लगातार बढ़ते टीवी रोगियों को इस रोग से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया था इस अभियान के तहत भारत 2025 योजना को साकार करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस ई एफ ए हायर सेकेंडरी शाला सिवनी के कार्यक्रम अधिकारी यदुराज उइके द्वारा किए गए कार्यों को लेकर जिला क्षय अधिकारी डां जयज काकोड़िया तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयपाल सिंह ठाकुर के द्वारा सम्मानित किया गया था इस संबंध में श्री उइके ने बताया कि क्षय मुक्त भारत को साकार करने के लिए संस्था से एक ए ए ए वेबसाइट का निर्माण किया गया जो आमजन को जागरूक करने के साथ 6 संबंधी समस्त जानकारी भी मुहैया करने में सक्षम है डॉक्टर जयपाल सिंह ठाकुर ने वेबसाइट की सराहना करते हुए राष्ट्रहित में वेबसाइट से सभी को जोड़ने हेतु अपील की है साथ ही शाला परिवार की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे एवं समस्त स्टाफ को इस कार्य के लिए शुभकामना दी है

कतिया समाज की बैठक 31 को

सिवनी। जिला कतिया समाज समिति शाखा सिवनी पंजीयन 10277 के तत्वाधान में ब्लॉक कतिया समाज शाखा केवलारी की सामाजिक बैठक 31 मई को 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक सामाजिक भवन ग्राम मुनगापार (केवलारी) में रखा गया है। समस्त ब्लॉक शाखा केवलारी के सामाजिक बंधुओं से आग्रह है कि बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होने की कृपा करें। बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया जाएगा। जिसमें मुनगापार स्थित सामाजिक भवन के रख रखाव पर विचार, केवलारी ब्लॉक समिति का कार्यकाल पूर्ण होने पर समिति गठन पर विचार, 18 अप्रैल को परिचय सम्मेलन पर चर्चा, आगामी समय में संगठन के द्वारा सामाजिक हित में कार्यक्रम आयोजन के संबंध में चर्चा सहित अन्य विषय जो बैठक में रखे जायेंगे। बैठक में जिला कतिया समाज समिति शाखा सिवनी के समस्त पदाधिकारी नगर अध्यक्ष , ब्लॉक के पदाधिकारी गण उपस्थित होने का कष्ट करे।

शांति पूर्ण वातावरण में मनाया गया ईद उल अजहा का पर्व

छपारा। गुरुवार को ईद उल अजहा बक़रीद का त्यौहार शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया गया सुबह 9 बजे नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों में की मस्जिदों में नमाज अता की गई एवं एक दूसरे को गले लगा कर ईद उल अजहा बक़रीद त्यौहार की बधाइयां दी गई वहीं एक दिन पूर्व 27 मई को देर शाम नगर के पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें सिवनी पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, उप पुलिस अधीक्षक राजेश मिश्रा, एसडीओपी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी, तहसीलदार छपारा सौरभ मरावी, नगर परिषद छपारा सीएमओ गीता बाल्मिक नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और शांति समिति के सदस्यों सहित धार्मिक गुरुओं की उपस्थिति में बैठक कर शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार को मनाने को लेकर सहमति बनी.

निजी कुएं का पानी ग्रामीणों के लिए कराया उपलब्ध, मोहल्लों तक पहुंचाया जा रहा पानी

जलसंकट को लेकर प्रेम शंकर ने पेश की मानवता की मिसाल

घंसौर/किन्दरई नवभारत। भीषण गर्मी और लगातार गिरते जलस्तर के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ग्राम पंचायत किन्दरई, तहसील घंसौर में भी इन दिनों पानी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। गांव के कई मोहल्लों में लोगों को दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे कठिन समय में ग्राम किन्दरई निवासी प्रेमशंकर कौशले पिता रामचरण कौशले ने आगे आकर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है।

प्रेमशंकर कौशले द्वारा अपने निजी कुएं का पानी ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराया गया है, जिससे गांव के अनेक परिवारों को राहत मिल रही है। उनके इस सहयोगात्मक कदम की ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि आज के समय में जब लोग अपने निजी संसाधनों को साझा करने से बचते हैं, ऐसे में प्रेमशंकर कौशले ने समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस पहल से न केवल लोगों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है, बल्कि गांव में आपसी सहयोग और सामाजिक एकता की भावना भी मजबूत हुई है। गांव के बुजुर्गों ने कहा कि संकट के समय इसी प्रकार का सहयोग समाज को नई दिशा देता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनता है।

इस कार्य को सफल बनाने में गांव के युवाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरिओम नागेश, सतीश ग्रियाम, धीरज नागेश, मनीष ग्रियाम, मनीष कौशले, अमन ग्रियाम, ललित नागेश, संतोष यादव, छोटे खान एवं पीतम कौशले ने लगातार मेहनत कर पाइपलाइन बिछाने, पानी पहुंचाने एवं व्यवस्था को सुचारू बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। ग्रामीणों ने इन युवाओं की मेहनत और सेवा भावना की भी जमकर प्रशंसा की। वहीं ग्राम पंचायत किन्दरई की सरपंच संगीता हीरा करयाम एवं उपसरपंच दिनेश नागेश ने भी इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंचायत द्वारा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए, जिससे गांव के अलग-अलग हिस्सों तक पानी पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा सका। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और आगे भी जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

पढ़ाई के साथ साथ रोजगार के लिए दे रहे हैं प्रशिक्षण

सिवनी नवभारत। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठ मंदिर सिवनी में संचालित नवीन व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत सत्र 2025-26 ट्रेड ब्यूटी एंड वैलनेस की कक्षा 10वी एवं 12वीं की छात्राओं को दिनांक 02/05/ 2026 से 28/05/ 2026 तक 20 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है स्कूल संस्था प्रमुख प्राचार्य श्रीमति आभासिंह एवं व्यावसायिक प्रभारी श्रीमती नीलम तिवारी की मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती लीना कोसरे की देखरेख में संस्था स्किन हेयर केयर कायाकल्प हर्बल ब्यूटी पार्लर सिवनी में पार्लर संस्था प्रमुख श्रीमती आराधना चौरसिया एवं पार्लर ट्रेनर श्रीमती रुचि चौरसिया के द्वारा छात्रों को (ऑन द जॉब ट्रेनिंग) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को प्रतिदिन पार्लर से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी एवं पार्लर में होने वाले प्रायोगिक कार्य जैसे थ्रेडिंग, मेहंदी, हेयरकट, फैशियल, मेकअप, मेनिक्योर, पेडीक्योर एवं अन्य प्रायोगिक कार्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती लीना कोसरे द्वारा बताया गया है, कि यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण छात्रों की कार्यक्षमता एवं कौशल विकास बढ़ाने में सहायक होगा यह ट्रेनिंग पूर्ण करने के बाद छात्राएं अपनी आगे की पढ़ाई के साथ-साथ अपना स्वयं का व्यवसाय करने में सक्षम होगी। यह नवीन व्यावसायिक शिक्षा का उद्देश्य है कि छात्रों का कौशल को बढ़ाने के साथ-साथ छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना है। यदि भविष्य में छात्रों कि किसी कारण वर्ष पढ़ाई छूट जाती है, और अच्छी जॉब नहीं मिल पाती है, तो वह अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सके और किसी पर निर्भर ना रहे। इसी के साथ हम और हमारा शाला परिवार इन सभी छात्रोंओ की उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

अकीदत और भाईचारे के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा

सिहोरा (लखनादौन) नवभारत। त्याग और समर्पण का प्रतीक पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) आज सिहोरा क्षेत्र में पूरे धार्मिक उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। गुरुवार, 28 मई 2026 को मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर खुदा की इबादत की गुरुवार सुबह ठीक 8:00 बजे सिहोरा स्थित ईदगाह प्रांगण में मुस्लिम समाज के लोग एकत्रित हुए। यहाँ निर्धारित समय पर ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान अनुशासन और एकता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इमाम साहब ने अपने संबोधन में कहा की शालीनता और एकता बनाए रखें नमाज के उपरांत पेश इमाम ने अपने संबोधन (खुतबे) में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें कुर्बानी और दूसरों की मदद करने की सीख देता है। उन्होंने विशेष रूप से अपील की कि सभी लोग त्योहार को शालीनता और मर्यादित तरीके से मनाएं। आपसी भाईचारा और सौहार्द कायम रखें। देश की प्रगति और अमन-चैन के लिए सामूहिक दुआएं मांगी गईं।

नमाज और दुआ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके पश्चात गांव के विभिन्न क्षेत्रों में सुन्नत-ए-इब्राहिमी का पालन करते हुए कुर्बानी की रस्म पूरी की गई। सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

बैनगंगा नदी तट पर मनमाने तरीके से की जा रही थी खुदाई

शिकायत के बाद हरकत में आया नगरीय प्रशासन

छपारा नवभारत। नगर से होकर बहने वाली सिवनी जिले की जीवन रेखा बैनगंगा नदी के छपारा नगर परिषद क्षेत्र में जमा सिल्ट या गाद निकालने के लिए लंबे समय से लोग मांग कर रहे थे, जिससे किसानों को यह उपजाऊ मिट्टी सहित नदी गहरी करण होने से जल संरक्षण की दिशा में एक शानदार पहल है, जिसको लेकर सिंचाई विभाग द्वारा नगर परिषद छपारा को बकायदा अनुमति प्रदान की गई है जो स्थानीय सहित आसपास के किसानों के लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं हैं।

विदित हो कि नदी की जल भराव क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशासन ने लंबे समय बाद जमा गाद (सिल्ट) को हटाने की अधिकारिक अनुमति प्रदान कर दी है। यह अनुमति कार्यालय कार्यपालन यंत्री, तिलवारा बायी तट नहर संभाग, केवलारी द्वारा जारी की गई है।

जानकारी के अनुसार, बैनगंगा नदी में बांध बन जाने के बाद

छपारा क्षेत्र के करबला घाट, प्राचीन सिद्ध बाबा घाट से लेकर ब्रिटिश कालीन पुल तक वर्षों से मिट्टी और गाद के जमा होने के कारण जल संग्रहण क्षमता लगातार घटती जा रही थी। इसके परिणामस्वरूप गर्मी के मौसम में छपारा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। पिछले वर्ष में यह समस्या और अधिक गंभीर रूप से सामने आई थी। वही नगर परिषद की सार्थक पहल से गाद हटाए जाने के बाद नदी की जल भराव क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे छपारा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था अधिक मजबूत होने की उम्मीद है। इससे आने वाले समय में स्थानीय नागरिकों को जल संकट से बड़ी राहत मिल सकती है। वहीं नगर परिषद के इस निर्णय से क्षेत्र के किसानों और कुम्भकार समुदाय को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलने की संभावना है। किसान इस उपजाऊ गाद का उपयोग अपने खेतों में कर सकेंगे, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी।

कार्य एजेंसी ने मौका स्थल को नहीं किया चिंहित

बैनगंगा नदी मे वर्तमान समय में चल रहें कार्य की जो भी एजेंसी है वो बैनगंगा तट पर चल रहे सिल्ट सफाई कार्य बिना तकनीकी अधिकारी के चल रहा था नदी सफाई कार्य से कुम्हार संघ के साथ किसान व नगरवासियों बहुत खुश थे दो दिन बाद देखते ही देखते पहाड़ी नुमा टीओला जो छपारा को प्रकृति ने दिया है उसे धीरे धीरे गिराया जाने लगा जिससे नगर वासियों ने रोष व्यक्त कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नगरीय प्रशासन नगरपरिषद में शिकायत की जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटैल, सीएमओ गीता बाल्मीकि शिकायत पर मौका स्थल देखा नाराजगी जताते हुए खोदे हुए टीला पर फिर से फिलिंग करने को कहा।

कुम्हारों ने ली राहत की सांस

नगर में चल रही ईंट भट्टा उठाने की चर्चा का किया छपारा सीएमओ ने कहां आरक्षित भूमि पर कुम्भकारों के ईंट भट्टा लग रहें हैं वो यथावत जहां लग रहे वहीं लगेंगे साथ ही आरक्षित भूमि से सिल्ट ईंट भट्टा परिवहन कर सकेंगे।वहीं कुम्भकार समुदाय इसी मिट्टी का उपयोग दीये, मटके एवं अन्य पारंपरिक मिट्टी के उत्पाद बनाने में कर सकेगा। स्थानीय प्रशासन के इस कदम को जल संरक्षण, कृषि सुधार और ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

रोमांचक महामुकाबले के साथ रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन

सिवनी नवभारत। विकासखंड नैनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंडरई में पिछले एक महीने से खेल प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बना रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट पिंडरई प्रीमियम लीग कल रात एक बेहद भव्य और यादगार समापन समारोह के साथ संपन्न हो गया। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल मैच में उमड़ा जनसैलाब

कल रात खेले गए इस खिताबी महामुकाबले का रोमांच अपने चरम पर था। मैच का लुत्फ उठाने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हजारों दर्शकों की भारी भीड़ से पूरा मैदान खचाखच भरा रहा। इस

ऐतिहासिक सफल आयोजन पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं चेयरमैन (उपसरपंच) जितेन्द्र सिंह राजपूत ने फाइनल मुकाबले में पहुंचे सभी दर्शकों और क्षेत्रीय जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। एवं कार्यक्रम के मुख्य संचालक आशीष जैन जी ने सभी युवाओं के सहयोग की मंच के माध्यम से सराहना की एवं आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते इस समापन समारोह और फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में मंडला के लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर इतने भव्य और अनुशासित आयोजन के लिए चेयरमैन जितेन्द्र सिंह राजपूत और उनकी पूरी टीम की जमकर सराहना की।

पत्रकारों को मिली बड़ी सौगात

कार्यक्रम के दौरान मध्यांचल न्यूज़ पिंडरई के संवाददाता की ओर से क्षेत्र के पत्रकारों के हित में एक महत्वपूर्ण मांग रखी गई। जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने ग्राम पिंडरई में पत्रकार भवन निर्माण को अपनी मंजूरी प्रदान की। सांसद की इस घोषणा से स्थानीय मीडिया कर्मियों और प्रबुद्धजनों में हर्ष का माहौल है।

वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और नेता रहे मौजूद

कार्यक्रम के गरिमामय समापन के अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में मुख्य रूप से- विनोद कछवाहा (अध्यक्ष, मंडला नगरपालिका) प्रजय जैन (भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष) संदीप मरकाम (सरपंच, ग्राम पंचायत पिंडरई) आशीष जैन (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा) प्रमोद सिंह राजपूत (वरिष्ठ किसान नेता) ग्राम वरिष्ठ बलराम सिंह राजपूत टैगोर शिशु निकेतन स्कूल के संचालक सुकीर्ति भूषण उपस्थित हुए एवं सभी अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतरीन मंच मिलता है।

गर्मी में पक्षी बचाने जगह-जगह लग रहे सकोरे

कन्या महाविद्यालय ने इस कार्य को सराहा

सिवनी नवभारत। आमतौर पर लोग प्यासे को पानी पिलाने, प्याऊ खोलने जैसा कार्य तो करते हैं लेकिन दुख तब होता है जब लोग लोगों को पानी पिलाते हुए फोटो खिंचवाते हैं प्याऊ के सामने फोटो खींच कर अखबारों की सुर्खियां बना आम बात हो गई है इन सब से हटकर कुछ लोग ऐसे भी है जो की ना तो सेल्फी लेते, और ना ही फोटो खिंचवाते हैं ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी शिक्षक यदुराज उईके है जो की विगत कुछ वर्षों से आसमान में उड़ने वाले बेजुबा परिंदों के संरक्षण हेतु कार्य कर रहे हैं शीत ऋतु वर्षा ऋतु में मछलियों को दाना डालते हैं तथा ग्रीष्म ऋतु में इन परिंदों के लिए पानी उपलबध करते हैं किसी तरह अपने पैसे खर्च कर शासकीय अशासकीय संस्थानों मंदिर मस्जिद धर्मशाला शैक्षणिक

कार्यालय में पक्षियों के आशियाने पीने के लिए सकोरे लगा रहे हैं तथा अपनी मानवीय संवेदना का परिचय दे रहे हैं इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य डां रवि शंकर नाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रोफेसर अलका उई के तथा कन्या महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंगले एवं प्रोफेसर रामदीन भलावी की उपस्थिति में प्रकृति पहरी अभियान के तहत सभी को प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने की अपील कर रहे हैं डॉक्टर अलका उईके ने इस नवाचार की सराहना की प्रोजेक्ट में नारियल के खोल से आशियाना सकोरे आवश्यक स्थान पर लगाने हेतु प्रेरित किया इस अवसर पर प्रोफेसर ओम प्रकाश सवैया प्रोफेसर नरेंद्र भीमटे प्रोफेसर पंकज शेडे हेमंत नागवंशी हर्षा बघेल समित शर्मा अनीता भट्ट अनीता बुर्ड अनीता दुर्गे सुमन डेहरिया आशीष सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।